

# autoneum

# आचार संहिता



**प्रिय साथियों,**

ऑटोनिअम में, हम न केवल अपने ग्राहकों के लिए विकसित उत्पादों में, बल्कि अपने कार्य करने के तरीके में भी उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य और हमारे मूल्य हमारे व्यवहार का आधार बनाते हैं। आचार संहिता हमें इन मूल्यों को व्यवहार में बदलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करती है

हम मानते हैं कि एक कंपनी के रुप में हमारी ज़िम्मेदारी उन देशों के कानूनों और नियमों का पालन करने से परे है जहाँ हम कार्यरत हैं। वाहन उद्योग में ध्वनि, ताप प्रबंधन और शील्डिंग तकनीक में बाज़ार के अग्रणी के रुप में हमारी प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है, जब हम अपने ग्राहकों के लिए नवाचारी और टिकाऊ उत्पाद विकसित करें, अपने कर्मचारियों के लिए एक आकर्षक कार्यस्थल का निर्माण करें, और अपने शेयरधारकों के लिए लाभकारी परिणाम प्रदान करें, साथ ही पर्यावरण और उन समुदायों का सम्मान करें जिनमें हम काम करते हैं।

इन सभी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना हमेशा आसान नहीं है। एक अपेक्षा से भरे हुए और प्रतिस्पर्धी व्यापारी माहोल मे हमें कभी-कभी कठिन निर्णय करने की आवश्यकता होती है। यहीं पर संहिता आचरण मार्गदर्शन प्रदान करता है। जाहिर है आचार संहिता सभी प्रश्नों या दुविधाओं का उत्तर नहीं दें सकती जिसका हमें अपने दैनिक कार्य में सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि हम हर किसी को यदि उन्हें कोई संदेह हो या कोई चिंता हो तो अपने प्रबंधक, मानव संसाधन या कानूनी एवं अनुपालन विभाग से मार्गदर्शन लेंने के लिये प्रोत्साहित करते हैं। संवेदनशील विषयों पर भी खुला संचार, हमें अपनी कॉर्पोरेट संस्कृति को और मजबूत करने, हमारे प्रदर्शन में सुधार करने और हमारी प्रतिष्ठा बढ़ाने में मदद करेगा।

विंटरथुर, जून 2024

**हैंस-पीटर श्वाल्ड**
बोर्ड के अध्यक्ष

**एल्को स्पोएल्डर**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी




# हमारा उद्देश्य और मूल्य

## उद्देश्य

**हम गतिशीलता को टिकाऊ और आरामदायक बनाने की परवाह करते हैं।**

## मूल्

हम **जवाबदेही** के साथ काम करते हैं।

हम **जिज्ञासा** से आगे बढ़ते हैं।

हम **साहस** से काम लेते हैं।

हम **सहयोग** की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।





# संहिता के बारे में

यह आचार संहिता ("संहिता") सभी ऑटोनियम समूह की कंपनियाँ के निदेशकों एवं कर्मचारियों को लागू होती है। यह हमारी ओर से कार्य करने वाली पार्टियों जैसे वितरक और ठेकेदार पर भी लागू होता है। हमने अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए एक विशिष्ट आपूर्तिकर्ता आचार संहिता विकसित की है।

संहिता ऑटोनियम के उद्देश्य और मूल्य पर आधारित है, जो हमारी एक दूसरे के प्रति, हमारी कंपनी के प्रति, बाजार मे निष्पक्षता के प्रति, हमारे समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पहचानता है। ऑटोनिअम की आचार संहिता हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# हमारे संहिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

ऑटोनिअम के मूल्यों को दैनिक कार्यों में उतारना हमारी ज़िम्मेदारी है। प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों से अधिक अपेक्षाएं रखी जाती हैं। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे सही उदाहरण प्रस्तुत करें, व्यवहार का मार्गदर्शन करें और ऐसा वातावरण बनाएं जहां हर कोई प्रश्न पूछने और आचार संहिता और नीतियों के संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट करने में सहज महसूस करे।

यदि आप आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन को देखते हैं, तो उसे अनदेखा न करें। सभी कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करें ताकि उनका उचित समाधान हो सके।

जब भी संदेह में हों, मार्गदर्शन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पहले कदम के रूप में, निम्नलिखित प्रश्नों पर विचार करें:

- क्या यह कानूनी है और हमारी संहिता और नियमों के अनुरूप है?
- क्या इससे ऑटोनिअम की प्रतिष्ठा को कोई नुकसान नहीं होगा?
- क्या यह सही कार्य है?
- क्या मुझे इसे करने की अनुमति है?
- क्या मैं उदाहरण प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ?
- क्या मैं इसे अखबार के पहले पृष्ठ पर देखकर सहज महसूस करूंगा/करूंगी?

यदि इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर 'हां' देने में आपको संकोच हो, तो अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, या कानूनी और अनुपालन विभाग से आगे मार्गदर्शन प्राप्त करें।



# कार्यस्थल नैतिकता

हम केवल तभी अपने मूल्यों को जीवित रख सकते हैं जब हम ऐसा सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करें जो मानवाधिकारों, श्रम कानूनों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमों का सम्मान करे। हमारा उद्देश्य एक ऐसा कार्यस्थल प्रदान करना है जो उत्पीड़न, धमकाने और भेदभाव से मुक्त हो और जहाँ सभी कर्मचारियों को समान अवसर मिले, चाहे उनका जाति, लिंग, धर्म, राजनीतिक या यौन अभिरुचि कुछ भी हो।

ऑटोनिअम अच्छे कॉर्पोरेट नागरिकता के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा, ILO और OECD दिशानिर्देशों के अनुरूप, हम जबरन श्रम या बाल श्रम को बर्दाश्त नहीं करते और सामूहिक सौदेबाजी और संघ की स्वतंत्रता जैसे कर्मचारी अधिकारों को मान्यता देते हैं।

ऑटोनिअम स्थानीय कार्य घंटे कानूनों का सम्मान करता है और अपने कर्मचारियों को उन कानूनों के अनुरुप मुआवजा और लाभ प्रदान करता है।

# कंपनी की संपत्तियों और जानकारी की सुरक्षा

हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम अपनी कंपनी की संपत्तियों की रक्षा करें। इनमें केवल हमारी संचालन के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनें, उपकरण और वाहन ही नहीं, बल्कि हमारी बौद्धिक संपदा अधिकार और गोपनीय जानकारी भी शामिल हैं।

- **कंपनी की संपत्ति और संपत्ति का संरक्षण:** हम अपनी संपत्तियों का ध्यान रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका गलत उपयोग, हानि, अपव्यय, चोरी और धोखाधड़ी से सुरक्षा हो।
- **पुस्तकें और रिकॉर्ड्स:** सभी व्यापारिक लेन-देन को सटीक, पूर्ण, सत्य, निष्पक्ष, संगत और समय पर रिकॉर्ड किया जाता है।
- **इनसाइडर ट्रेडिंग:** ऑटोनिअम एक स्टॉक-सूचीबद्ध कंपनी है। ऑटोनिअम की प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने में गैर-सार्वजनिक जानकारी का दुरुपयोग या खुलासा करना सख्त वर्जित है।
- **डेटा सुरक्षा:** हम अपनी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करते हैं और दूसरों की गोपनीय जानकारी का भी सम्मान करते हैं। हम इसे केवल वैध व्यापारिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हैं और अत्यंत सावधानी के साथ इसका संचालन करते हैं।
- **संचार:** हम कॉर्पोरेट संचार दिशानिर्देशों का पालन करते हैं ताकि कंपनी की प्रतिष्ठा की सुरक्षा हो सके, जैसे कि सोशल मीडिया पर कंपनी का बाहरी रूप से प्रतिनिधित्व करते समय।



# बाज़ार में निष्पक्षता

ऑटोनिअम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बाज़ार में निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लाभ के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन इसे ईमानदारी से करते हैं।

- **प्रतिस्पर्धा विरोधी गतिविधियां:** हम सभी प्रासंगिक प्रतिस्पर्धा विरोधी (एंटिट्रस्ट) कानूनों का सम्मान करते हैं। हम बोली में हेरफेर, मूल्य निर्धारण की मिलीभगत, या बाज़ार में प्रमुख स्थिति के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करते।
- **घूसखोरी/भ्रष्टाचार विरोधी:** हम न तो घूस देते हैं और न ही किसी भी तरह के अनौपचारिक भुगतान करते हैं। हम किसी भी प्रकार की घूस या अनुचित लाभ को स्वीकार नहीं करते।
- **उपहार और मनोरंजन:** उपहार और मनोरंजन वर्जित नहीं हैं, लेकिन यह उचित और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। प्रतीकात्मक मूल्य के मामूली उपहार स्वीकार्य हैं, लेकिन उन्हें व्यापारिक निर्णयों पर प्रभाव डालने के उद्देश्य से कभी नहीं दिया जाना चाहिए।
- **हितों का टकराव:** हम हितों के टकराव से बचते हैं। व्यक्तिगत हित हमारे व्यापारिक निर्णयों और न्याय पर प्रभाव नहीं डालने चाहिए। यदि कोई हितों का टकराव उत्पन्न होता है, तो हम उसे तुरंत उजागर करते हैं।

# समाज के प्रति प्रतिबद्धता

ऑटोनिअम में, हम इस बात से भली-भांति अवगत हैं कि हमारे कार्यों का समाज पर प्रभाव पड़ता है। हम उत्पाद और रोजगार का सृजन करते हैं, कच्चे माल की खरीद करते हैं, प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हैं और जिम्मेदारी के साथ करों का भुगतान करते हैं।

- **सुरक्षित उत्पाद:** हमारे नवीन उत्पाद वाहनों में शोर को कम करने और गर्मी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। ये उत्पाद सुरक्षित होने चाहिए ताकि चालक उन पर निर्भर रह सकें।
- **उत्पादन में स्थिरता:** निरंतर सुधार और नवाचार की हमारी खोज में, हम हमेशा अपने डिजाइनों और उत्पादन प्रक्रियाओं में सुधार करने के तरीके तलाशते हैं और सामग्री एवं ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करते हैं। हम अनुसंधान और विकास में पर्यावरणीय पहलुओं के व्यवस्थित समावेश का प्रयास करते हैं।
- **प्रायोजन, चैरिटेबल और राजनीतिक योगदान:** हम संगठनों को वित्तीय समर्थन देने में पेशेवर और पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाते हैं।



# दुर्व्यवहार की रिपोर्टिंग

हमारे संहिता के उल्लंघनों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बन सकता है, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी भी शामिल है। कुछ मामलों में, ऑटोनिअम को संबंधित प्राधिकरणों को उल्लंघन की सूचना देनी पड़ सकती है, जिससे कानूनी कार्रवाई, जुर्माना या जेल भी हो सकती है।

कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि यदि वे संहिता, कानूनों या अन्य नियमों के उल्लंघन को देखते हैं या उस पर संदेह करते हैं, तो वे अपनी चिंताओं की रिपोर्ट अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन या कानूनी एवं अनुपालन विभाग (compliance@autoneum.com) को करें।

गुमनाम रिपोर्टिंग भी स्पीक अप लाइन (https://speakupline.autoneum.com) के माध्यम से की जा सकती है।

सद्भावना से संहिता का उल्लंघन रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों को प्रतिशोध से बचाया जाएगा।

# अतिरिक्त मार्गदर्शन

अतिरिक्त मार्गदर्शन ऑटोनिअम के कॉर्पोरेट इंट्रानेट के संबंधित पृष्ठों पर या आपके एचआर विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। संहिता और नीतियों का नवीनतम संस्करण इंट्रानेट पर उपलब्ध है, जहां आपको विभिन्न भाषाओं में संहिता भी मिलेगा। किसी भी संदेह की स्थिति में, अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा।

ऑटोनियम (Autoneum) आचार-संहिता
जून 2024

© Autoneum Holding Ltd
Winterthur, Switzerland



Autoneum. Mastering sound and heat.

**Autoneum Holding Ltd**
Schlosstalstrasse 43
8406 Winterthur
Switzerland
T +41 52 244 82 82
info@autoneum.com